मूल्य 1 रु.
वर्ष: 11 - अंक : 211, मुंबई, शनिवार, 9 अक्टूबर, 2021 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल ®

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर

नवरात्री में प्रसाद के लिए
मलाई पेड़ा ₹680/- 600/-
काजू कतरी ₹980/- 880/-
खोपरापाक ₹620/- 520/-
बूंदी (शुद्ध घी) ₹400/- 300/-
शुद्ध घी की जलेबी ₹540/- per kg
Valid 07-10-21 to 14-10-21
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.



# मुंबई: 125 करोड़ की हेरोइन बरामद

## ईरान से मूंगफली के तेल की खेप में छिपाकर लाई गई थी, डीआरआई ने पोर्ट पर छापा मारकर पकड़ा

**मुंबई।** मुंबई में जारी क्रूज ड्रग्स पार्टी केस के बीच राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने मुंबई पोर्ट पर छापा मारा है। यहां एक कंटेनर से 25 किलो हेरोइन बरामद हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 125 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इस मामले में अभी तक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)



### कंटेनर मंगवाने वाले को भी दिया धोखा

डीआरआई के अधिकारी ने बताया कि यह कंटेनर वैभव एंटरप्राइजेज के संदीप ठक्कर ने इम्पोर्ट किया था, जिनका मस्जिद बंदर में ऑफिस है। डीआरआई की टीम ने उनसे भी पूछताछ की है। ठक्कर ने डीआरआई को बताया कि सांघवी ने उन्हें अपनी फर्म के आईईसी पर ईरान से सामान इम्पोर्ट करने के लिए 10,000 रुपए प्रति खेप का ऑफर दिया था। वे 15 साल से सांघवी के साथ कारोबार कर रहे थे, इसलिए उन्होंने उन पर भरोसा किया।

### बड़ा सिंडिकेट होने की आशंका

डीआरआई ने कोर्ट में दावा किया है कि सांघवी एक सिंडिकेट का हिस्सा है और इसमें शामिल सभी लोगों की डीटेल जानने के लिए सांघवी से पूछताछ करने की जरूरत है। डीआरआई को शक है कि पहले भी इस तरह की खेपों के जरिए तस्करी की गई होगी। इससे पहले जुलाई में डीआरआई ने मुंबई बंदरगाह से 293 किलो हेरोइन जब्त की थी और संधू एक्सपोर्ट पंजाब के मालिक प्रभजीत सिंह को गिरफ्तार किया था।

## 'उत्तर प्रदेश बना आतंकियों का अड्डा'

**मुंबई।** राष्ट्रीय अखबार दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश का नागरिक बोलने में बहुत शर्म आती है। गोरखपुर में पुलिस हत्या करके फरार है, उत्तर प्रदेश का केंद्रीय गृहमंत्री का बेटा फरार है, ये आलम 54 महीने योगी सरकार का है, तो जनता का क्या होगा। जहां पुलिस नेता ही मर्डर कर रहे हैं। अब गुंडे तीसरे नंबर पर चले गए हैं। अब मर्डर करने वालों की लिस्ट इस प्रकार से है, पहले नंबर पर पुलिस, दूसरे नंबर पर नेता और तीसरे नंबर पर गुंडे। उत्तर प्रदेश अब पूरी तरह से बना आतंकियों का अड्डा।


दिलशाद एस. खान

# गीता जैन का टूट रहा कुनबा



## मीरा भायंदर शहर के लोगों ने दिया जनादेश को ठेंगा दिखा कभी भाजपा तो कभी शिवसेना के पाले में बैठती रही गीता जैन

**मुंबई।** मीरा भायंदर शहर के प्रतिष्ठित राजनैतिक परिवार से ताल्लुक रखने वाली गीता जैन का सदैव विवादो से नाता रहा है। कभी कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार के सामने 2002 में नामांकन कर पार्षद बनी गीता जैन ने भाजपा में वर्ष 2011 में तत्कालिन जिलाध्यक्ष रहे नरेंद्र मेहता की अगुवाई में प्रवेश किया और महापौर बनी। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# 68 साल बाद टाटा की हुई एअर इंडिया

## रतन टाटा ने कहा 'वेलकम बैक', 18000 करोड़ रुपए में फाइनल हुई डील



संवाददाता

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की घर वापसी हो गई है। उसे टाटा ग्रुप 18,000 करोड़ रुपए में खरीद रहा है। इसका ऐलान फाइनेंस मिनिस्ट्री के डिपार्टमेंट ऑफ इनवेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मैनेजमेंट (दीपम) ने किया। टाटा के हाथ एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस की कमान आएगी। दीपम के सेक्रेटरी तुहीन कांत पांडे ने कहा कि जब एयर इंडिया विनिंग बिडर के हाथ में चली जाएगी तब उसकी बैलेंसशीट पर मौजूद 46,262 करोड़ रुपए का कर्ज सरकारी कंपनी AIAHL के पास जाएगा। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# आर्यन खान को नहीं मिली जमानत

## मजिस्ट्रेट कोर्ट ने कहा- हमें जमानत पर सुनवाई का अधिकार नहीं, सेशंस कोर्ट जाएं

संवाददाता

**मुंबई।** शाहरुख खान के बेटे आर्यन की जमानत याचिका खारिज हो गई है। किला कोर्ट ने कहा कि उसे जमानत याचिका पर सुनवाई करने का अधिकार नहीं है। जमानत के लिए आर्यन को सेशंस कोर्ट में अपील करनी होगी। आर्यन के साथ क्रूज शिप पर ड्रग्स पार्टी करने के आरोप में फंसे अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धमेचा की जमानत याचिका भी खारिज कर दी गई है। (शेष पृष्ठ 3 पर)



### मखमल के बिस्तर पर सोने वाले आर्यन ने एनीसीबी लॉकअप में बिताई 6 रातें, अब आर्थर रोड जेल पहुंचे

# सिंधखेडराजा और अन्य पर्यटन स्थलों के विकास के लिए पालक मंत्री डॉ. राजेंद्र शिंगणे का पाठपुरावा

## पर्यटन विकास के लिए निधी मे कमी नही होगी, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार का आश्वासन



**संवाददाता/अशफाक युसुफ**

**बुलडाणा।** राज्य में अन्य पर्यटन स्थलों के विकास के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं संरक्षक मंत्री डॉ. सिंधखेडराजा राजेंद्र शिंगणे लगातार फॉलो कर रहे हैं। इसी सिलसिले में आज मुंबई के मंत्रालय में उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे के साथ बैठक की गई। बैठक में पर्यटन राज्य मंत्री अदिति ठाकरे, सांसद श्रीमती सुप्रिया सुळे, स्थानीय नेता एँ नाजीर काजी और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सभी अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और पर्यटन विकास मंत्री आदित्य ठाकरे जाकर निरीक्षण करें। दोनों राजेंद्र शिंगाने के अनुरोध पर सहमत हो गए हैं और पर्यटन विकास के लिए धन की कमी नहीं होने देंगे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने गवाही दी। बुलडाणा जिले के सिंधखेडराजा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। यहां 16 पर्यटन स्थल हैं, जिनमें से पांच केंद्र के अधिकार क्षेत्र में पुरातत्व विभाग के अधिकार क्षेत्र में हैं। यह स्थान शिवाजी महाराज के मातोश्री जीजाबाई के माहेर के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा हिंदू राजा लखोजी राव का महल, रंगमहल, नीलकंठेश्वर मंदिर जैसी जगहों के कारण यहां कई पर्यटक आते हैं। औरंगाबाद जिले में अजंता। एलोरा, दौलताबाद और अन्य पर्यटन स्थलों की सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे ने आश्वासन दिया है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को पर्यटन विकास के साथ-साथ विरासत को संरक्षित करने के लिए आवश्यक सहायता दी जाएगी। 25 सितंबर को राकांपा नेता सांसद सुप्रियताई सुले ने मातृभूमि सिंधखेड़ाजा का दौरा किया और सभी जगहों का निरीक्षण किया। तत्कालीन संरक्षक मंत्री डॉ. राजेंद्र शिंगाने ने यहां पर्यटन स्थल के विकास के लिए धन की आवश्यकता व्यक्त की थी और इस संबंध में उन्होंने उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और पर्यटन मंत्री के साथ बैठक करने की उम्मीद जताई थी।

# दुर्गोत्सव शांतता व सादगी से मनाएं : थानेदार चंद्रकांत ममताबादे



**धामनगाव बढ़े।** गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी अबतक सभी त्यौहार कोरोना की भेंट चढ गए है। इसी के चलते इस वर्ष का दुर्गोत्सव भी शांतता एवं सादगी से मनाने की अपिल थानेदार चंद्रकांत ममताबादे ने शांतता समिति की बैठक के दौरान गांव के प्रतिष्ठीत नागरीक एवं नवदुर्गा मंडल पदाधिकारीयो से की। बता दें कि, 6 अक्तूबर को धामणगाव बढे पुलिस थाना परिसर में शांतता समिति की बैठक का आयोजन किया था। बैठक में उपस्थित मान्यवरों को संबोधित करते हुए उन्होने उक्त अपिल करते हुए कहा कि, दुर्गोत्सव स्थापना से लेकर विसर्जन तक सभी विधियां सादगी से करें व शासन-प्रशासन द्वारा जारी नियमों का अनुपालन करें। इस समय शांतता समिति के सदस्य, पुलिस पाटिल, विवादमुक्त समिति अध्यक्ष, सरपंच, उपसरपंच, तथा पत्रकार और पुलिस कर्मचारियों के सात प्रतिष्ठीत नागरीक उपस्थित थे।

# अस्वच्छ व्यवसाय छात्रवृत्ति योजना का नाम बदला जाए, कांग्रेस प्रदेश सचिव जयश्रीताई शेळके ने की अनुसूचित जाति कल्याण समिति से मांग

**बुलडाणा।** मैट्रिक पूर्व छात्रवृत्ति योजना के नाम से अस्वच्छ व्यवसाय करने वाले माता-पिता के बच्चों के लिए समाज के सभी सदस्यों के स्वाभिमान को ठेस पहुंच रही है। इसलिए इस योजना का नाम बदला जाना चाहिए। साथ ही वर्ष 2019 से लंबित छात्रवृत्तियां छात्रों को वितरित की जाए,ऐसी मांग कॉंग्रेस के प्रदेश सचिव ॲड. जयश्रीताई शेळके ईन्होने महाराष्ट्र विधान सभा अनुसूचित जाति कल्याण समिति की अध्यक्षा विधायक प्रणति शिंदे को निवेदन दिया। सरकार ने इस व्यवसाय से जुड़े लोगों के बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए एक छात्रवृत्ति योजना शुरू की है। इस व्यवसाय में कार्यरत माता-पिता के दो बच्चों को केंद्र स्तर पर 50 प्रतिशत (925 रुपये) छात्रवृत्ति और राज्य स्तर पर 50 प्रतिशत (925 रुपये) कुल मिलाकर 10 महीने के लिए 1,850 रुपये की छात्रवृत्ति दी जाती है। लेकिन अक्सर केंद्र से 50 फीसदी फंड नहीं मिलता है। इस व्यवसाय से पारंपरिक रूप से जुड़े स्वीपर मेहतर और मातंग समाज बंधु इस योजना के लिए पात्र हैं।



# 2022 में उत्तर प्रदेश में सपा की फुल बहुमत से सरकार बनेगी: नदीम कुरैशी



**बरेली।** मुस्लिम सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ समाज सेवी नदीम कुरैशी हुए समाजवादी पार्टी में शामिल, नदीम कुरैशी ने समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष व विधायक अबु आसिम आजमी की मौजूदगी में थामा सपा का दामन कुरैशी के साथ मुस्लिम सेवा संघ के सैकड़ो कार्यकर्ता भी हुए शामिल बरेली परिवर्तन यात्रा जनसभा में सपा की सदस्यता लेते हुए नदीम कुरैशी ने कहा मुस्लिम सेवा संघ उत्तर प्रदेश के 50 जिलों में काम कर रहा है मेरे साथ संगठन के सभी कार्यकर्ता सपा में शामिल हुए हैं मेरे सपा में शामिल होने का एक ही मकसद है सपा को मजबूत करना, जो पार्टियां देश मे नफरत फैलाने की राजनीति करती है जनता के बीच जाकर उनकी हकीकत बताई जाएगी,नदीम कुरैशी ने कहा देश मे बढ़ती महँगाई के कारण आम आदमी की कमर तोड़ने का काम किया है युवा बे रोजगार है 2022 में सपा की सरकार बने इसके लिये जी जान से मेहनत की जाएगी। इस दौरान पूर्व विधायक सुल्तान बेग,सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शुभलेश यादव,महानगर अध्यक्ष शमीम खा सुल्तानी, डॉ अनीस बेग, पूर्व मंत्री आबिद खान, पार्षद कय्यूम खा मुन्ना,मुजाहिद खान, अल्ताफ हुसैन,समीर कुरैशी आदि।

# एक्सप्रेस-वे पर वाहनों की गति सीमा 140 किमी. प्रति घंटा करने की तैयारी में गडकरी, पेश किया जाएगा विधेयक

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार एक्सप्रेस-वे और अन्य श्रेणियों की सड़कों पर वाहनों की रफ्तार की सीमा में संशोधन करना चाहती है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि मैं एक्सप्रेस-वे पर गाड़ी की अधिकतम गति सीमा को 140 किमी प्रति घंटा तक करने के पक्ष में हूं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग श्रेणियों की सड़कों पर वाहनों की गति सीमा को संशोधित करने के लिए जल्द ही संसद में एक विधेयक पेश किया जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा कि मानसिकता बन गई है कि अगर गाड़ी की रफ्तार ज्यादा की गई तो दुर्घटना होगी। उन्होंने कहा कि भारत में वाहनों की गति सीमा का मानक बड़ी चुनौतियों में से एक है। वाहनों की रफ्तार को लेकर सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के कुछ निर्णय हैं, जिनके चलते हम कुछ नहीं कर पा रहे हैं। लेकिन, इस पर जल्द ही एक विधेयक संसद में पेश करेंगे। गडकरी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर चार लेन वाली सड़कों पर गति सीमा कम से कम 100 किमी प्रति घंटा और दो लेन की सड़क पर 80 किमी प्रति घंटा होनी चाहिए।

# करोड़ रुपए का घोटाला राज भवन का आईएएस-तकनीकी शिक्षा विभाग

**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**बीकानेर।** राजस्थान सरकार के इतिहास में सरकार के ही अधिकारियो की मिलीभगत से करोडो रूपयो का घोटाला होने जा रहा है। इस घोटाले मे राज भवन व तकनीकी शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार के दो कअर का खुला हाथ है -बीकानेर ईजीनियरिग कोलेज के प्राचार्य भाभू ने राजस्थान के राज भवन मे बैठे आईएएस व तकनीकी शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार के आईएएस से फर्जी दस्तावेज तैयार कर संविदा में नियुक्त 100 से अधिक शैक्षणिक कर्मचारियो को नियमित बताकर कर 7 करोड से भी अधिक अनुदान जारी करवा दिया विधान सभा पारित करवा कर मुख्यमंत्री कार्यालय से पत्रावली का अनुमोदन करवा लिया -एडवोकेट ने बताया कि इस पूरे प्रकरण मे राजस्थान सरकार के एक बडे काबीना मन्त्री का खुला हाथ है। एडवोकेट ने बताया कि ईसीबी बीकानेर मे 2004 से 2011 तक संविदा के आधार पर असिस्टेंट प्रोफेसरो व एसोसिएट प्रोफेसरो की नियुक्ति एम पी पुनिया पूर्व प्राचार्य ईसीबी बीकानेर ने फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र व फर्जी शैक्षणिक दस्तावेजो के आधार पर की थी। तकनीकी शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार के द्वारा आज दिनांक तक इन नियुक्तिया को स्थाई नही किया गया है ना ही वित विभाग ने परमिशन दी थी - इन फर्जी शैक्षणिक कर्मचारियो के शैक्षणिक दस्तावेजो व अनुभव प्रमाण पत्र की जांच आज तक भी नही की गई है! जय प्रकाश भाभू प्राचार्य ईसीबी बीकानेर ने संघटक कोलेज बनाये जाने से पूर्व ही दोनो कअर अधिकारियो से सांठगांठ कर विधानसभा मे नियमित शैक्षणिक कर्मचारी बताकर अनुदान पारित करवा है - वित विभाग व तकनीकी शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार ने सरकार को धोखा देने की नियत से 7 करोड के आदेश पर नियमित कर्मचारियो को भुगतान करने का आदेश दिया है! एडवोकेट ने बताया कि तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियो द्वारा भेजे गये प्रारूप मे नियमित / अनियमित का प्रावधान किया गया है - भाभू प्राचार्य ईसीबी व दोनो आईएएस अधिकारियो के छलकपट के खेल मे आने वाले दो दिन मे बैक अधिकारी पी एन बी को शामिल किया गया है - राजस्थान सरकार ने ईसीबी सोसायटी को पूर्व मे भंग कर दिया है-जिस कारण से भाभू भुगतान जारी के अधिकारी नही है इसलिए बैक के अधिकारियो / कर्मचारियो को भी इस साजिश मे शामिल किया गया है- एडवोकेट ने बताया कि तकनीकी शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार के अधिकारियो को इस बात की जानकारी है कि विभिन्न जाच रिपोर्टो मे 2004 से लेकर 2011 तक के समस्त शैक्षणिक कर्मचारियो को फर्जी मान गया है तथा जाच रिपोर्टो ने चयन समिति - तत्कालीन प्राचार्य एम पी पुनिया व अध्यक्ष शाषी परिषद् को को दोषी करार दिया है - एडवोकेट ने बताया कि आने दो दिन मे इस अपराध को अमली जामा पहनाने जाने कार्रवाई की जा रही है।

# अजित पवार पर इनकम टैक्स रेड के बाद संजय राउत बोले- 'अपना भी टाइम आएगा'

**संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और उनके रिश्तेदारों से संबंधित कंपनियों पर कोई इनकम टैक्स विभाग की छापेमारी पर संजय राउत बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह छापेमारी चाहे राजनैतिक हो या फिर आयकर विभाग की, सीबीआई की हो या फिर किसी अन्य एजेंसी की। जिस तरह से महाराष्ट्र में छापेमारी का सिलसिला शुरू है, यह निचले दर्जे की राजनीति



का परिचायक है। भविष्य में क्या होगा यह कहा नहीं जा सकता। हो सकता है कि अजित पवार पर राजनैतिक द्वेष के चलते यह कार्रवाई की गई हो। किसी राजनैतिक परिवार पर छापेमारी करके एक प्रकार की दहशत निर्माण करने की कोशिश शुरू है। यह सिलसिला सभी दलों के राजनेताओं पर शुरू है। राउत ने कहा कि यह दिन भी बीत जाएंगे। दिल्ली में हमारे दिन वापस आएंगे, 'अपना भी टाइम आयेगा'।

**सोशल मीडिया का दुरुपयोग:** संजय ने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया का पूरा इस्तेमाल द्वेष फैलाने और निचले दर्जे की राजनीति करने के लिए किया जा रहा है। अपने राजनैतिक विरोधियों को बदनाम करने के लिए इस माध्यम का बखूबी इस्तेमाल किया जा रहा है। जो कोई भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर आवाज उठाने का प्रयास करता है, उसका समर्थन किया जाना चाहिए। दिल्ली से राजनीतिक दबाव डालकर आवाज को दबाने का प्रयास फिलहाल देशभर के गैर बीजेपी राज्यों में शुरू है। केंद्रीय एजेंसियों का भी जमकर बेजा इस्तेमाल शुरू है।

# एनसीबी ने नाइजीरियाई नागरिक को किया गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई अपतटीय क्षेत्र में गोवा जाने वाले एक क्रूज से मादक पदार्थों की कथित जब्ती के मामले में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। इस मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या अब 18 हो गई है, जिसमें बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान शामिल हैं। एनसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि नाइजीरियाई नागरिक चिनेदु इग्वे को उपनगरीय अंधेरी से बुधवार को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से एक्स्टसी की 40 गोलियां मिलीं। इससे पहले, उसी दिन एजेंसी ने उपनगरीय पवई से अचित कुमार को गिरफ्तार किया था और उसके पास से थोड़ी मात्रा में 'हाइड्रोपोनिक वीड अथवा मल्टी-स्ट्रेन कैनबिस' जब्त हुई थी। एनसीबी की एक टीम ने शनिवार को मुंबई के पास समुद्र के बीच पर एक क्रूज पर छापेमारी की। एजेंसी को सूचना मिली थी कि क्रूज पर चल रही एक पार्टी में ड्रग्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। एजेंसी ने छापेमारी के दौरान 13 ग्राम कोकीन, 21 ग्राम चरस, एमडीएमए की 22 गोलियां, 5 ग्राम एमडी और 1.33 लाख रुपये नकद जब्त करने का दावा किया है।

# टीकाकरण महाराष्ट्र सरकार की मुहीम

## टीकाकरण के लिए मिशन 'कवच कुंडल'

**संवाददाता**

**मुंबई।** कोरोना निवारण टीका लगाने के लिए महाराष्ट्र सरकार मिशन कवच कुंडल अभियान शुरू करने जा रही है। इसके तहत, 8 से 14 अक्टूबर के बीच प्रतिदिन 15 लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मिशन के बारे में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने कहा कि राज्य के पास 75 लाख टीके उपलब्ध हैं और 25 लाख टीके मिलने वाले वाले हैं। सिरिंज और अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है। अभियान को सफल बनाने के लिए राजस्व, ग्राम विकास, महिला व बाल विकास, शिक्षा, नगर विकास जैसे विभिन्न विभागों का सहयोग लिया जाएगा। टोपे ने दावा किया कि राज्य में टीके की कोई कमी



नहीं है। गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में सवा नौ करोड़ लोगों को टीके की खुराक देने का लक्ष्य है। इनमें से छह करोड़ लोगों का टीके को खुराक दी गई है। अभी सवा तीन करोड़ से अधिक लोगों को टीका लगाना है। अभियान के दौरान अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण करने का लक्ष्य है। टीकाकरण की गति बढ़ाने के लिए अभियान में समाज के विभिन्न घटकों का सहयोग लिया जाएगा। इनमें इंडियन मेडिकल असोसिएशन, निजी डॉक्टर, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, स्वयंसेवी संस्थाएं शामिल हैं।

### गांवों पर जोर

टोपे ने कहा कि बुधवार रात को राज्य के जिला अधिकारियों, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, 654 और तालुका अधिकारियों से विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की और अभियान को लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 15 अक्टूबर तक 100 करोड़ लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य तय किया है। केंद्र ने इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमसे पूरा सहयोग मांगा है।

**कोरोना मृतकों के परिजन को 50 हजार:** टोपे ने कहा कि राज्य में कोविड से जिसकी मृत्यु हो गई, उसके परिवार को सरकार 50,000 रुपये की सहायता देगी। कोरोना के कारण करीब एक लाख 40 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। इसके लिए एसडीआरएफ की ओर से करीब 700 करोड़ रुपये मुहैया कराए जाएंगे। कलेक्टर और जिला सर्जन को पोर्टल पर जानकारी भरनी होगी, जिसके बाद मृतकों के परिजन के खाते में सहायता राशि जमा की जाएगी।

# नायर अस्पताल में 'कोवोवैक्स' का ट्रायल, 2 से 17 आयु के बच्चों पर होगा परीक्षण

**संवाददाता**

**मुंबई।** जायडस कैडिला के को-विड वैक्सीन के बाद अब नायर अस्पताल में कोरोना रोधी वैक्सीन 'कोवोवैक्स' का ट्रायल शुरू हो चुका है। 2 से 17 वर्ष आयु के तीन बच्चों को इस वैक्सीन की खुराक दी जा चुकी है। आगामी 6 महीनों में करीब 920 बच्चों पर वैक्सीन का परीक्षण किया जाएगा। बता दें कि जायडस कंपनी के जायकोविड-ड वैक्सीन के ट्रायल के लिए बीएमसी के नायर अस्पताल का चयन किया गया था। यहां 12 से 18 वर्ष के 50 बच्चों पर वैक्सीन का ट्रायल होना था लेकिन बीएमसी को उतने बच्चे नहीं मिल पाए थे। कुछ ही बच्चों पर इस वैक्सीन का परीक्षण किया गया, लेकिन अब सीरम इंस्टिट्यूट के कोवोवैक्स वैक्सीन का ट्रायल नायर अस्पताल में हो रहा है। बीएमसी के प्रमुख अस्पतालों के संचालक डॉ. रमेश भारमल ने बताया कि फिलहाल तीन बच्चों पर ट्रायल शुरू किया गया है, जिसमें से एक बच्चे को प्लेसिबो दिया गया है। उन्होंने बताया कि 920 बच्चों पर वैक्सीन का ट्रायल होना है। इसमें से 460 बच्चे 2 से 11 वर्ष आयु के और 460 बच्चे 11 से 17 वर्ष आयु के बच्चे होंगे। डॉ. भारमल ने बताया कि पहली खुराक 0.5 एमएल दी गई है। अब दूसरा डोज इन बच्चों को 21 दिन पर दिया जाएगा। छह महीने तक इन बच्चों के स्वास्थ्य पर निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही 21, 36 और 180 दिन पर इनकी ऐंटिबॉडीज जांच की जाएगी। डॉ. भारमल के मुताबिक विश्व में अभी तक 30 हजार बच्चों पर इस वैक्सीन का ट्रायल हो चुका है। ऑस्ट्रेलिया, युके, दक्षिण आफ्रिका, अमेरिका में इस वैक्सीन का ट्रायल हुआ है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

### मुंबई:125 करोड़ की हेरोइन बरामद

डीआरआई की मुंबई यूनिट ने पोर्ट पर छापेमारी के बाद नवी मुंबई के 62 साल के कारोबारी जयेश सांघवी को गिरफ्तार किया है। सांघवी पर आरोप है कि वे ईरान से मूंगफली के तेल की एक खेप में हेरोइन को छिपाकर मुंबई लाए थे। डीआरआई के एक अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर नवी मुंबई के न्हावा शेवा में ईरान से आए एक कंटेनर को पकड़ा गया और इसकी तलाशी में हेरोइन बरामद हुई। डीआरआई ने सांघवी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस) के तहत मामला दर्ज किया है। गुरुवार को उसे मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 11 अक्टूबर तक डीआरआई हिरासत में भेज दिया है। सांघवी की गिरफ्तारी के बाद अब डीआरआई की टीम आज सुबह से मुंबई पोर्ट पर मौजूद कुछ दूसरे कंटेनर्स की भी तलाशी ले रही है।

### गीता जैन का टूट रहा कुनबा

2017 में नरेंद्र मेहता से कड़वाहट भरे रिश्तों के कारण मनपा और भाजपा में कोई जिम्मेदारी नहीं मिलने से आहत गीता जैन ने विधानसभा चुनाव लड़ने का निश्चय किया। भाजपा द्वारा उम्मीदवारी नही दिये जाने के बाद निर्दलीय विधानसभा का चुनाव लडा जिसमें गीता जैन को सैकड़ों अन्य पार्टी के समर्थकों के साथ अंदरखाने नरेंद्र मेहता से नाराज लोगो ने गीता जैन के पक्ष में मतदान कर विधायक बनाया। गीता जैन को मिली अप्रत्याशित विजय से उनके समर्थक बेहद खुश नजर आ रहे थे लेकिन उनकी खुशी पर गीता जैन ने ग्रहण लगा दिया। गीता जैन के समर्थक आज उनसे बेहद नाराज बताये जा रहे है। गीता जैन के पास कोई रणनीतिकार नही है। सब्जी बेचने वाले,प्लंबर लोग नीति निर्धारण कर रहे है। अच्छे और सच्चे लोगो की गीता जैन से दूरी गीता जैन की राजनैतिक यात्रा के लिये अशुभ है। शिवसेना में शामिल हुई गीता जैन को शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक फूटी आंख भी देखना पसंद नहीं कर रहे है। गीता जैन के पास योग्य कार्यकर्ताओं का अभाव है जिससे उनकी राजनैतिक यात्रा पर विराम लगा सकता है। भरत जैन और गीता जैन को राजनीतिक परख नहीं के बराबर दिख रही है। शहर के लोगो के साथ छल कर नरेंद्र मेहता की नाराजगी का लाभ लेकर विधायक तो बन गये पर उन शहर के लोगो की भावनाओ के साथ खिलवाड़ करने का कार्य हो रहा है। गीता जैन के पास रणनीति, कर्मठता की कमी का लाभ फिर से नरेंद्र मेहता और भाजपा को मिल सकता है। गीता जैन को सही गलत की पहचान नहीं है। सत्यता यह है कि गीता जैन के पास अच्छे सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों में न दिखना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### आर्यन खान को नहीं मिली जमानत

किला कोर्ट में इनकी जमानत याचिका पर शुक्रवार को दोपहर करीब 12.45 बजे सुनवाई शुरू हुई थी, जो 2.15 बजे तक चली। ब्रेक के बाद दोपहर 3 बजे सुनवाई दोबारा शुरू हुई। जांच एजेंसी और बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद किला कोर्ट ने शाम 5 बजे जमानत की याचिका खारिज कर दी। इस बीच एनसीबी ने आर्यन समेत सभी 6 मेल आरोपियों को आर्थर रोड जेल और दोनों फीमेल आरोपियों को भायखला जेल भेज दिया है। आर्यन को क्वारैंटाइन सेल में रखा गया है। वैसे तो उनका आरटीपीसीआर टेस्ट नेगेटिव आया है, लेकिन जेल की नई गाइडलाइंस के मुताबिक 7 दिन क्वारैंटाइन सेल में रखने का नियम है। कोर्ट ने गुरुवार को सभी आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था, लेकिन सुनवाई देर तक चली थी और शाम 6 बजे के बाद जेल में एंट्री नहीं होती, इसलिए आर्यन समेत 8 आरोपियों को एनसीबी के लॉकअप में ही रखा गया था।

### 68 साल बाद टाटा की हुई एअर इंडिया

उन्होंने कहा कि सरकार को इस डील में 2,700 करोड़ रुपए का कैश मिलेगा। टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा ने अपने ट्वीट में एयर इंडिया की बिड में टाटा ग्रुप के विनर बनने को बड़ी खबर बताया। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया को नए सिरे से खड़ा करने में बहुत मेहनत लगेगी। लेकिन, इससे एविएशन इंडस्ट्री में टाटा ग्रुप को बड़े कारोबारी मौके भी मिलेंगे।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### कश्मीरियत की आवाज

**कश्मीर** घाटी में अल्पसंख्यकों को जिस तरह से निशाना बनाया जा रहा है, उसकी जितनी निंदा की जाए कम होगी। ऐसे कायर फिर सिर उठा रहे हैं, जो अब लगभग हारी हुई लड़ाई लड़ रहे हैं। किसी भी मकसद में जब हिंसक ताकतें आम निहत्थे लोगों को निशाना बनाने लगती हैं, तब दरअसल वे अपनी बुनियादी हार का ही संकेत देती हैं। बुधवार को आतंकियों की कारस्तानी की चर्चा अभी शुरू ही हुई थी कि उन्होंने श्रीनगर में गुरुवार सुबह ईदगाह इलाके में स्थित एक सरकारी स्कूल में हमला कर दिया। इस हमले में स्कूल के प्रधानाध्यापक और शिक्षक की मौत हो गई है। गैर-मुस्लिमों को निशाना बनाने का मकसद साफ तौर पर समझा जा सकता है। जो लोग देश में बढ़ते सांप्रदायिक तनाव को लेकर चिंतित हैं, उनकी चिंता का स्तर अब और बढ़ गया है। घाटी में लगातार यह साबित करने की कोशिश होती रही है कि दो समुदाय मिलकर साथ नहीं रह सकते। समुदायों के बीच पिछले दिनों से देखे जा रहे सद्भाव पर प्रहार करने की यह नापाक कवायद जिन लोगों की दिमाग की उपज है, वे दरअसल इंसानियत के दुश्मन हैं। वे नहीं चाहते कि कश्मीर में अमन-चैन की बहाली हो। जिस तरह से कश्मीर में राष्ट्रीय महत्व के उत्सवों को मनाने की शुरूआत हुई है, जिस तरह कश्मीर के प्रति बाकी भारत में लगाव बढ़ा है, उससे आतंकियों को अपनी जमीन खिसकती लग रही है। अपेक्षाकृत सुरक्षित माहौल बनाने में कामयाब हो रहे सुरक्षा बलों को पूरे संयम के साथ ऐसे कायराना हमलों का जवाब देना चाहिए। कायरों के नेटवर्क को समय रहते तोड़ना होगा। सुरक्षा बलों को कश्मीर की उस बेटी की आवाज पर कान देना चाहिए, जो पिता की मौत के बाद भी मुकाबले के लिए तैयार है। बुधवार को भी आतंकियों ने एक के बाद एक तीन हमले किए थे, जिनमें तीन अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया गया था। इसमें सबसे दुखद हत्या माखनलाल बिंद्रू की है। घाटी में दवाई की दुकान चलाने वाले बिंद्रू उन गिने-चुने हिंदुओं में शामिल थे, जो 1990 और 1991 के खतरनाक समय में भी घाटी में पांव जमाए रहे। सांप्रदायिकता की आग में झुलस रही घाटी में भी बिंद्रू कश्मीरियत को संजोए हुए थे। बिंद्रू की बेटी के उद्गार सुनने के बाद कश्मीरियत और भारतीयता, दोनों की मजबूती का पता चलता है। वह भारत की बेटी पिता को खोने के बावजूद बोल रही है, 'तुम लोग पत्थर फेंक सकते हो, पीछे से गोली मार सकते हो, तुम लोगों में हिम्मत है, तो आगे आओ।' दरअसल, यह निडर भारतीयता का जयघोष है, जो निश्चित रूप से देशवासियों को जोश से भर देता है। सीमा पार से चल रही नापाक लड़ाई पाकिस्तान छिपकर ही लड़ रहा है, उसमें हिम्मत नहीं कि भारतीय जवानों का सामना कर सके। अगर इन हमलों के बाद श्रीनगर में लोग विरोध में सड़कों पर उतरे हैं, तो सुरक्षा बलों की भी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। आम लोगों का शिकार करने निकले दरिंदों पर जल्द से जल्द शिकंजा कसना चाहिए। इसके अलावा मानवाधिकार के नाम पर आतंकियों और उनके समर्थकों का पक्ष लेने वाले पेशेवर भड़काऊ लोगों को भी शर्म आनी चाहिए। राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को मजहबी नजरिए से नहीं, बल्कि इंसानियत की नजर से कश्मीर में होने वाली हिंसा को देखना चाहिए, ताकि बिंदुओं, दीपकों, सुपिंदरों का मानवाधिकार भी सुरक्षित रहे।

# ड्रग्स केस: उठते सवाल

**मुंबई** पोत ड्रग्स केस के बाद फिल्म उद्योग का शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के समर्थन में खड़े होना एक स्वाभाविक सामाजिक कवायद मानी जा सकती है लेकिन सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर जो ट्रेंड चल रहा था उसका अर्थ यही है कि आर्यन खान पूरी तरह से निर्दोष है और उसे जानबूझ कर फंसाया जा रहा है। हजारों की संख्या में ट्वीट हो रहे हैं कि कोई ड्रग्स बरामद नहीं हुआ, ड्रग्स का सेवन नहीं किया गया, मोबाइल से कोई लीड नहीं मिला, सिद्ध होता है कि आर्यन खान निर्दोष हैं। यह ट्रेंड पीआर प्रेक्टिस ही है ताकि शाहरुख खान की ब्रांड वैल्यू को नुक्सान न पहुंचे। यह ट्रेंड अपने आप में चिंता का विषय है। एनसीबी सुशांत सिंह की मौत के बाद से लगातार छापेमारी कर रही है। ड्रग्स भी पकड़े जा रहे हैं और पैडलर भी पकड़े जा रहे हैं। सभी नामी-गिरामी सितारों से पूछताछ भी हुई। ऐसा लगता है कि किसी को इस बात की चिंता नहीं कि ड्रग्स हमारी युवा पीढ़ी को खोखला करता जा रहा है, जिसके भयंकर परिणाम समाज को भुगतने ही होंगे।



जितनी बड़ी मात्रा में ड्रग्स पकड़े गए हैं, उससे साफ है कि देश के बेटे-बेटियों को नशे की लत का आदी बनाया जा रहा है। ड्रग्स केस में हाईप्रोफाइल लोगों के नाम आ रहे हैं। ड्रग्स लेना आम आदमी के बस की बात नहीं, जिनके पास अकूल धन है उन्होंने अपनी अय्याशी के लिए रेव पार्टियो को ईजाद कर लिया है। इस गम्भीर मसले पर समाज का मानसिक दिवालियापन नजर आ रहा है। बेतुके और अनर्गल तर्कों से आर्यन के समर्थन में ट्रेंड चलाया जा रहा है।

किसी भी जांच एजैंसी को सरकार का पिछलग्गू बताकर उसे बदनाम करना बहुत आसान है। इस केस में भी नार्कोटेस्ट कंट्रोल ब्यूरो की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए जाने लगे हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता नवाब मलिक ने भी एनसीबी की कार्यप्रणाली पर गम्भीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया की आर्यन खान को एनसीबी आफिस लाते समय उसके साथ सेल्फी लेने वाला शख्स कौन है। उस शख्स को आर्यन का हाथ पकड़ कर लाते हुए भी देखा गया। एक और शख्स को एक अन्य आरोपी को लाते देखा गया। एनसीबी का कहना है कि यह दोनों स्वतंत्र गवाह हैं, जबकि नवाब मलिक ने इनमें से एक का संबंध एक राजनीतिक दल से होने का दावा किया है। अगर इन आरोपों पर गम्भीरता से विचार किया जाए तो सवाल तो बनते ही हैं। क्या किसी स्वतंत्र गवाह को आरोपी के साथ सेल्फी लेने और उनका हाथ पकड़ कर एनसीबी दफ्तर में ले जाने का अधिकार है? क्या इन दोनों को एजैंसी ने एनडीपीएम कानून के तहत कार्रवाई करने का अधिकार दिया है। अगर यह एनसीबी के आदमी नहीं हैं तो फिर यह कैसे आरोपियों को हैंडल कर रहे थे। राकांपा नेता ने तो क्रूज ड्रग्स केस को फर्जी करार देते हुए आरोप लगाया कि एजैंसी फिल्म इंडस्ट्री और राज्य सरकार को बदनाम करने में लगी हुई है। ऐसे आरोपों से एनसीबी की विश्वसनीयता पर आंच आती है। उसकी कार्यशैली संदेह के घेरे में आती है। हाईप्रोफाइल केस काफी संवेदनशील होते हैं। इसलिए जरूरी है कि एनसीबी ड्रग्स मामले की जांच निष्पक्ष ढंग से और ईमानदारी से करे। ड्रग्स केस में अभी कई परतें खुलेंगी, किसके तार किससे जुड़े निकलेंगे यह जांच का विषय है। दूसरी तरफ जो लोग इसमें हिन्दू-मुस्लिम एंगल निकाल रहे हैं या कई मुद्दों को दबाने के लिए ड्रग्स केस उछालने के बेतुके आरोप लगा रहे हैं, यह भी अनुचित है। ड्रग्स की समस्या बहुत गम्भीर हो चुकी है। भारत में हर साल दो से चार टन चरस और कम से कम 300 टन गांजा बरामद किया जाता है। इसके अलावा कोकीन, हेरोइन भी भारी मात्रा में पकड़ी जाती है। सामाजिक न्याय मंत्रालय की 2019 की रिपोर्ट के मुताबिक देश में नशे के लिए शराब के बाद सबसे ज्यादा सेवन भांग, गांजा, चरस और अफीम का किया जाता है। हर वर्ष भारत में ड्रग्स के व्यापार का आकार काफी बढ़ चुका है। ड्रग्स एक सामाजिक समस्या ही नहीं बल्कि चिकित्सकीय एवं मनोवैज्ञानिक समस्या है। इससे परिवार टूटते हैं और समाज संक्रमित होता है। यह ऐसा दलदल है जिससे परिवार, समाज और राष्ट्र जर्जर होता है। हमारी चिंता यह होनी चाहिए कि ड्रग्स फ्री इंडिया कैसे बने। इस समस्या से सिर्फ कानून बनाकर नहीं निपटा जा सकता है बल्कि इस पर नियंत्रण के लिए पारिवारिक एवं सामाजिक स्तर पर प्रयासों की जरूरत है। कोई सेलिब्रिटी हो या आम आदमी, अभिभावकों को अपने बच्चों को भटकाव और भ्रम से बचाने के लिए उन्हें ध्येयवादी बनाने की जिम्मेदारी निभानी होगी। बच्चों को केवल पैसा नहीं बल्कि भावनात्मक संरक्षण भी प्रदान करना होगा।

# प्राचीन भारत में सबसे पहला गणराज्य था वैशाली

**गत** माह संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारे यहां लोकतंत्र की एक महान परंपरा रही है और यह हजारों वर्षों पुरानी है। उनके द्वारा यह भी कहा गया कि भारत लोकतंत्र की जननी है। उनके इस वक्तव्य ने शैक्षिक एवं राजनीतिक पटल पर एक नई चर्चा को जन्म दिया। इस चर्चा ने भारत में चले आ रहे लोकतंत्र की प्राचीन एवं पारंपरिक व्यवस्था को समझने हेतु ध्यान आकृष्ट किया है। प्रधानमंत्री के वक्तव्य पर कुछ लोगों ने हैरानी जताई तो कुछ ने कटाक्ष किया। यह और कुछ नहीं अज्ञान का परिचायक है। इससे पता चलता है कि लोग अपने देश की समृद्ध विरासत के बारे में कितना कम जानते हैं। आज जब आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, तब हजारों साल पुरानी समृद्ध विरासत का भी स्मरण किया जाना चाहिए। इसलिए और भी, क्योंकि भारत महज 75 साल पुराना राष्ट्र नहीं है। हमें यह समझना होगा कि भारत का लोकतंत्र एक मानवीय संस्था है, जो मनुष्य को मनुष्य के रूप में महत्व पर आधारित एक ऐसा जीवन मार्ग है, जिसका उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक जीवन के सभी पक्षों का समावेशी एवं समानतापूर्ण समाज की स्थापना सुनिश्चित करना है। पश्चिमी समाज मैग्नाकार्टा लोकतंत्र और अधिकारों की अवधारणा से जुड़ा है। ऐसा माना



जाता है कि लोकतंत्र की संकल्पना मैग्नाकार्टा के माध्यम से ही विकसित हुई, लेकिन यह तथ्य भ्रामक है। भारत में कई सदियों पहले से ही जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में लोकतांत्रिक परंपरा की शुरूआत हो गई थी। प्राचीन भारत में सबसे पहला गणराज्य वैशाली था। ऐतिहासिक प्रमाणों के मुताबिक, वैशाली में ही दुनिया का पहला गणराज्य स्थापित हुआ। आज लोकतांत्रिक देशों में उच्च सदन और निम्न सदन की जो प्रणाली है, वह भी वैशाली गणराज्य में थी। वहां उस समय छोटी-छोटी समितियां थीं, जो जनता के लिए नियम और नीतियां बनाती थीं। वैशाली वज्जी महाजनपद की राजधानी थी। वैशाली में गणतंत्र की स्थापना लिच्छवियों ने की थी। लिच्छवियों का संबंध हिमालयन आदिवासी लिच्छ से था। लिच्छवियों ने वैशाली गणराज्य इसलिए स्थापित किया था, ताकि बाहरी आक्रमणकारियों से बचा जा सके। कालांतर में वैशाली एक शक्तिशाली राज्य के रूप में उभरा और वहां एक नई प्रणाली विकसित हुई, जिसे हम गणतंत्र कहते हैं। इसे ही दुनिया के ज्यादातर देशों ने अपनाया। आज भारत हो या यूरोप या फिर अमेरिका, सब वैसी ही प्रणाली को मानते हैं, जैसी आज से 2500 साल पहले वैशाली में शुरू हुई थी। मैग्नाकार्टा से भी कई वर्ष पूर्व भारतीय दार्शनिक, समाज सुधारक एवं लिंगायत संप्रदाय के संस्थापक गुरु बसवेश्वर द्वारा 'अनुभव मंडप' की स्थापना की गई थी। यह सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा के लिए एक सामान्य मंच उपलब्ध कराता था। इसे भारत की पहली संसद माना जाता है, जहां लोकतांत्रिक प्रक्रिया द्वारा समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया जाता था। बौद्ध परंपरा में विद्यमान संघ की संकल्पना भी शासन करने की एक सभा के रूप में विकसित की गई थी। इसमें किसी भी निर्णय के लिए मत का प्रयोग किया जाना अनिवार्य था। तब विश्व के किसी भी भाग में यह परंपरा देखने को नहीं मिलती थी। इसी क्रम में एक और उदाहरण है तमिलनाडु का। यहां एक छोटा सा शहर है उत्तरामेरूर। यह चेन्नई से लगभग 90 किलोमीटर दूर है। उत्तरामेरूर के बैकुंठ पेरुमल मंदिर की दीवारों पर एक शिलालेख है। यह शासन की एक बहुत विस्तृत लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक जीता जागता उदाहरण है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-दिलशाद एस खान द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:9619102478 /9821238815
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: दिलशाद एस खान, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

### अगले वित्त वर्ष के लिए अनुमान बढ़ाकर 10 फीसदी किया

# फिच ने चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि का अनुमान घटाकर 8.7 फीसदी किया

संवाददाता / नई दिल्ली

*फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 8.7 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि उसने अगले वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि के अनुमान को बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया है।*

रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर ने आर्थिक पुनरुद्धार को पटरी से उतारने के बजाय उसमें बस देरी की। फिच रेटिंग्स ने अपने 'एपीएसी सॉवरेन क्रेडिट ओवरव्यू' में भारत की रेटिंग्स 'बीबीबी-/नकारात्मक' दी।

### भारत के साख के कई कारक संतुलित

फिच ने कहा, साख एक स्थिर मध्यम अवधि में वृद्धि के मजबूत परिदृश्य और ठोस विदेशी रिजर्व के साथ बाह्य स्तर पर मजबूती को उच्च सार्वजनिक ऋण, एक कमजोर वित्तीय क्षेत्र और कुछ पिछड़े संरचनात्मक कारकों की तुलना में संतुलित करती है।

### भारत की रेटिंग्स रही नकारात्मक

एजेंसी ने कहा कि 'नकारात्मक' नजरिया, महामारी से लगे झटके के कारण भारत के सार्वजनिक वित्त में हुई तेज गिरावट के बाद ऋण के पथ पर अनिश्चितता दिखती है। फिच ने कहा कि उसने मार्च 2022 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2021-22) के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के पूर्वानुमान को जून में बताए गए 10 प्रतिशत से 8.7 प्रतिशत तक कम कर दिया है और ऐसा कोविड महामारी की गंभीर दूसरी लहर की वजह से हुआ है।

### खास बातें

- महामारी की दूसरी लहर से विकास की पटरी हुई प्रभावित
- भारत के सार्वजनिक वित्त में हुई तेज गिरावट
- भारत की ओवरव्यू रेटिंग भी बीबीबी निगेटिव रही
- फिच ने कहा, ऋण के पथ पर अनिश्चितता दिखती है




### राजकोषीय घाटा 6.8 फीसदी रहने का अनुमान

एजेंसी ने कहा, हमने वित्त वर्ष 2021-22 में केंद्र सरकार के लिए जीडीपी (विनिवेश को छोड़कर) में 7.2 प्रतिशत घाटे का अनुमान लगाया है। वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है।

### कोविड से आर्थिक विकास में हुई देरी

रेटिंग कंपनी ने कहा, 'हमारे विचार में, हालांकि, दूसरी लहर के प्रभाव के तौर पर भारत का आर्थिक पुनरुद्धार पटरी से उतरने के बजाए, उसमें देरी हुई। इसी को देखते हुए हमने जून में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जताये गए जीडीपी वृद्धि के 8.5 प्रतिशत अनुमान को को बढ़ाकर 10 प्रतिशत कर दिया है।'

### मूडीज ने 18 कंपनियों की रेटिंग को नकरात्मक से स्थिर किया

रेटिंग एजेंसी मूडीज इनवेस्टर सर्विसेज ने रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, एसबीआई, एक्सिस बैंक समेत देश की 18 कारपोरेट कंपनियों और बैंकों की रेटिंग में सुधार कर उन्हें 'नकारात्मक' से 'स्थिर' श्रेणी में कर दिया। अमेरिका की रेटिंग एजेंसी ने इससे पहले मंगलवार को भारत के परिदृश्य में बदलाव करते हुए इसे नकारात्मक से स्थिर श्रेणी में कर दिया। मूडीज ने भारत को 'बीएए3' रेटिंग दी हुई थी। रेटिंग एजेंसी ने जिन नौ कंपनियों के रेटिंग में बदलाव किया है उनमें आरआईएल, टीसीएस, इन्फोसिस, ओएनजीसी, पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड, अल्ट्राटेक सीमेंट, ऑयल इंडिया, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) शामिल हैं।

## तालिबान सरकार कस रही नशे के आदी लोगों पर शिकंजा, सैकड़ों व्यक्तियों को हिरासत में लेकर की गई पिटाई

संवाददाता

**दिल्ली।** अफगानिस्तान पर शासन कर रहे तालिबान ने नशे की लत को खत्म करने के लिए कार्रवाई करनी शुरू कर दी है भले ही इसके लिए बल का इस्तेमाल क्यों न करना पड़े। तालिबान के लड़ाकों से पुलिस कर्मचारी बने कर्मियों ने राजधानी काबुल के एक इलाकों से मादक पदार्थ हेरोइन और मेथामफेटामाइन्स के नशे के आदि सैकड़ों बेघर व्यक्तियों को हिरासत में लिया और उन्हें पीटा। उन्हें जबरन उपचार केंद्र ले जाया गया। पिछले हफ्ते इस तरह की एक छापेमारी तक एसोसिएटिड प्रेस की पहुंच हुई। डॉक्टरों के मुताबिक, व्यक्ति मानसिक रूप से बीमार थे, उन्हें दीवार के सहारे बैठाया गया और उनके हाथ बांध दिए गए। उनसे नशा छोड़ने को कहा गया कि ऐसा नहीं करने पर उनकी पिटाई की जाएगी। कुछ स्वास्थ्य कर्मियों ने इन सख्त तरीकों का स्वागत किया है। एक उपचार केंद्र में काम कर रहे डॉ फजलरब्बी मयार ने कहा, हम अब लोकतंत्र में नहीं हैं। यह तानाशाही है। इस तरह के लोगों का इलाज करने का सिर्फ एक तरीका है और वह है बल का इस्तेमाल करना। उन्होंने कहा कि कई अफगान हेरोइन और मेथामफेटामाइन्स के आदी हैं। डॉक्टरों ने बताया कि 15 अगस्त को सत्ता पर कब्जा करने के बाद तालिबान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इन केंद्रों को एक आदेश जारी करके कहा था कि उनकी मंशा नशे की लत की समस्या को सख्ती से नियंत्रित करने की है। मादक पदार्थ का इस्तेमाल इस्लामी सिद्धांत की उनकी व्याख्या के खिलाफ है। देश में अफीम का अवैध व्यापार अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था और उसकी उथल-पुथल से जुड़ा हुआ है।

### ये सभी गुफाएं 12,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां पर किया था ध्यान

# केदारनाथ धाम में चार गुफाएं बनीं, प्रत्येक गुफा में एक-एक साधक कर सकता है ध्यान

संवाददाता / रुद्रप्रयाग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत केदारनाथ धाम में चार गुफाएं बनकर तैयार हो गई हैं। एक गुफा का सौन्दर्यीकरण किया गया है। चार गुफाओं के तैयार होने से भक्त आसानी से यहां आकर रात काट रहे हैं और योग और ध्यान करके बाबा का आशीर्वाद ले सकते हैं। गुफाओं में पानी व बिजली समेत सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। केदारनाथ में पीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत गुफाएं तैयार की गई हैं। पहाड़ों पर बनी पत्थर की पुरानी

### गुफाओं के निर्माण में 27 लाख रुपए खर्च हुए



गुफाओं में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। केदारनाथ मंदिर से दायीं ओर दुग्ध गंगा से गरुड़चट्टी तक चार ध्यान गुफाएं बनाई गई हैं। साल 2018 में यहां पहली ध्यान गुफा का निर्माण किया गया था। इसके बाद अब यहां कुल चार ध्यान गुफाएं बन चुकी हैं। पीएम मोदी ने साल 2017 के अक्टूबर माह में पुनर्निर्माण कार्यों के शिलान्यास के दौरान ही ध्यान के लिए केदारनाथ की पहाड़ियों पर ध्यान गुफा बनाने के आदेश दिए थे।

### गुफाओं को सुविधाओं से लेस करते हुए इन्हें आधुनिक बनाया गया

केदारनाथ धाम से डेढ़ किमी दूर स्थित इन सभी गुफाओं का आस-पास ही निर्माण किया गया है. यह गुफाएं पौराणिक कला में तैयार की गई हैं. गुफाओं को सुविधाओं से लेस करते हुए इन्हें आधुनिक बनाया गया है। ये सभी गुफाएं 12,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित हैं। इन गुफाओं की तीन मीटर लंबाई व दो मीटर चौड़ाई रखी गई है। गुफाओं के निर्माण में 27 लाख रुपए खर्च हुए हैं। प्रत्येक गुफा में एक-एक साधक ध्यान कर सकता है। यहां पर शौचालय, गर्म पानी करने की व्यवस्था है, जबकि पानी व बिजली से भी जोड़ा गया है।

### दूरसंचार कंपनियों को मिल सकती है बड़ी राहत, सरकार 40,000 करोड़ रुपये के मामले वापस लेने पर कर रही विचार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार दूरसंचार कंपनियों के खिलाफ करीब 40,000 करोड़ रुपये के विवादों से जुड़ी कानूनी मामले वापस लेने पर विचार कर रही है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि इसके अनुरूप दूरसंचार विभाग ने अनिल अंबानी प्रवर्तित रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ एक मामले में उच्चतम न्यायालय में हलफनामा दायर किया है ताकि मौजूदा अपील पर आगे बढ़ना है या नहीं, इस बारे में सोच-समझकर फैसला लिया जा सके। विभाग ने कहा है कि दूरसंचार क्षेत्र विभिन्न परिस्थितियों के कारण वित्तीय संकट से गुजर रहा है और दूरसंचार सेवाप्रदाता घाटे में चल रहे हैं। उसने भारतीय बैंक संघ के ज्ञापन का उल्लेख किया जिसमें कहा गया है कि दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिकूल घटनाक्रमों से नाकामी, गायब होती प्रतिस्पर्धा, एकाधिकार, अस्थिर संचालन जैसी समस्याएं आ सकती हैं और यह बैंकिंग प्रणाली के लिए गंभीर नुकसान का कारण बन सकता है जो इस क्षेत्र को काफी ऋण देता है।







दैनिक मुंबई हलचल अब हर सच होगा उजागर 7
























# इसलिए मनाया जाता है नवरात्रि का त्योहार

**जब** भी बात नवरात्र की आती है तो हमारा दिमाग पाठ-पूजा, देवी मां की अर्चना-आरती तक ही सीमित रह जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि नवरात्र का त्योहार क्यों मनाया जाता है? इसकी मान्यता क्या है? सदियों से हम नवरात्र का त्योहार मनाते आ रहे हैं, व्रत रखते आ रहे हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग तरीकों से इस त्योहार को मनाया जाता है। कहीं कुछ लोग पूरी रात गरबा और आरती कर नवरात्र के व्रत रखते हैं तो वहीं कुछ लोग व्रत और उपवास रख मां दुर्गा और उसके नौ रूपों की पूजा करते हैं, लेकिन इस नवरात्र के पीछे असल कहानी क्या है? इससे जुड़ी एक पौराणिक कथा है। महिषासुर नाम का एक बड़ा ही शक्तिशाली राक्षस था। वो अमर होना चाहता था और उसी इच्छा के चलते उसने ब्रह्मा की कठोर तपस्या की।



ब्रह्माजी उसकी तपस्या से खुश हुए और उसे दर्शन देकर कहा कि उसे जो भी वर चाहिए वो मांग सकता है। महिषासुर ने अपने लिए अमर होने का वरदान मांगा। महिषासुर की ऐसी बात सुनकर ब्रह्मा जी बोले, 'जो इस संसार में पैदा हुआ है उसकी मौत निश्चित है। इसलिए जीवन और मृत्यु को छोड़कर जो चाहो मांग लोग।' ऐसा सुनकर महिषासुर ने कहा,' ठीक है प्रभु, फिर मुझे ऐसा वरदान दीजिए कि मेरी मृत्यु ना तो किसी देवता या असुर के हाथों हो और ना ही किसी मानव के हाथों। अगर हो तो किसी स्त्री के हाथों हो।' महिषासुर की ऐसी बात सुनकर ब्रह्माजी ने तथास्तु कहा और चले गए। इसके बाद तो महिषासुर राक्षसों का राजा बन गया उसने देवताओं पर आक्रमण कर दिया। देवता घबरा गए। हालांकि उन्होंने एकजुट होकर महिषासुर का सामना किया जिसमें भगवान शिव और विष्णु ने भी उनका साथ दिया, लेकिन महिषासुर के हाथों सभी को पराजय का सामना करना पड़ा और देवलोक पर महिषासुर का राज हो गया। महिषासुर से रक्षा करने के लिए सभी देवताओं ने भगवान विष्णु के साथ आदि शक्ति की आराधना की। उन सभी के शरीर से एक दिव्य रोशनी निकली जिसने एक बेहद खूबसूरत अप्सरा के रूप में देवी दुर्गा का रूप धारण कर लिया। देवी दुर्गा को देख महिषासुर उन पर मोहित हो गया और उनसे शादी करने का प्रस्ताव सामने रखा। बार बार वो यही कोशिश करता। देवी दुर्गा मान गईं लेकिन एक शर्त पर..उन्होंने कहा कि महिषासुर को उनसे लड़ाई में जीतना होगा। महिषासुर मान गया और फिर लड़ाई शुरू हो गई जो 9 दिनों तक चली। दसवें दिन देवी दुर्गा ने महिषासुर का अंत कर दिया...और तभी से ये नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है।







दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अखिलेश की मांग- मंत्री के बेटे को तलब करना है औपचारिकता

# निष्पक्ष जांच के लिए वह दें इस्तीफा



**उत्तर प्रदेश।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि गृह राज्य मंत्री के बेटे को पूछताछ के लिए समन भेजना औपचारिकता है और निष्पक्ष जांच के लिए मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा के नेपाल भाग जाने की खबरों के बारे में पूछे जाने पर अखिलेश ने कहा कि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है।

## अजय मिश्रा के बेटे को समन भेजना एक औपचारिकता है

यादव ने लखीमपुर हिंसा में मारे गए दो किसानों के परिवारों से मिलने के लिए बहराइच रवाना होने से पहले शुक्रवार को अपने आवास के बाहर पत्रकारों से कहा, ''अजय मिश्रा के बेटे को समन भेजना एक औपचारिकता है। उच्चतम न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद सरकार जागी है। मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए अन्यथा उनसे पूछताछ करने वाले अधिकारी को पहले उन्हें सलाम मारना होगा और फिर सवाल पूछना होगा और जाने से पहले उन्हें फिर से सलाम करना होगा।''

## आरोपी को नेपाल से गिरफ्तार करवाना चाहिए

उन्होंने कहा, ''अगर यह सच है, तो केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए और आरोपी को नेपाल से गिरफ्तार करवाना चाहिए।'' उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार अपने नेताओं द्वारा किए गए अपराधों को छिपाती है और पार्टी में 'गुलदस्ते' के साथ उनका स्वागत करती है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला करते हुए कहा, ''वीडियो और सबूत आ रहे हैं और प्रत्यक्षदर्शी यह बता रहे हैं कि किसानों के ऊपर गाड़ी चढ़ाने के पीछे मंत्री का बेटा था। यह 'दमदार' (मजबूत) सरकार, जैसा कि इसके विज्ञापनों में दावा किया गया है, केवल 'ताकतवार' लोगो के लिए है।''

## अगर सपा सत्ता में आती है तो सरकार किसानों को करोड़ों रुपये की मदद देगी

उन्होंने कहा कि अगर सपा सत्ता में आती है तो सरकार किसानों को करोड़ों रुपये की मदद देगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास किसान परिवारों के लिए दो करोड़ रुपये नहीं हैं। अखिलेश ने बृहस्पतिवार को लखीमपुर का दौरा किया था और हिंसा में मारे गए दो किसानों और एक पत्रकार के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की थी। गौरतलब है कि पिछले रविवार (तीन अक्टूबर) को लखीमपुर खीरी जिले के तिकोनिया क्षेत्र में हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी।

# किसान को गाड़ी से रौंदने का एक और मामला आया सामने

## अंबाला में बीजेपी सांसद पर आरोप



**उत्तर प्रदेश।** यूपी के लखीमपुर खीरी में कृषि कानून के खिलाफ आंदोलन को लेकर एक बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि केंद्रीय राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के बेटे ने गाड़ी से किसानों को रौंद दिया, जिससे तीन किसानों की मौत हो गई। लखीमपुर खीरी का विवाद थमने से पहले ही हरियाणा के अंबाला से भी ऐसी ही एक घटना सामने आई है. बीजेपी नेताओं का विरोध करने पहुंचे किसान पर गाड़ी चढ़ाई गई। यहां विरोध कर रहे किसानों में से एक किसान बीजेपी सांसद के काफिले की गाड़ी से जख्मी हो गया है। आरोप लगाया जा रहा है कि कुरुक्षेत्र से बीजेपी सांसद नायब सैनी के काफिले ने अंबाला के नारायणगढ़ में विरोध कर रहे किसान पर गाड़ी चढ़ा दी। बरहाल उस किसान की हालत गंभीर बताई जा रही है। वह हॉस्पिटल में भर्ती हैं। अंबाला के नारायणगढ़ की इस घटना को लेकर कांग्रेस ने बीजेपी पर निशाना साधा है. यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने वीडियो ट्वीट करते हुए लिखा, 'क्या भाजपाई पागल हो चुके हैं? कुरुक्षेत्र से बीजेपी सांसद नायब सैनी के काफिले ने अंबाला के नारायणगढ़ में विरोध कर रहे किसान पर गाड़ी चढ़ाई.'

आज नारायणगढ़ में एक सम्मान समरोह में खेल मंत्री संदीप सिंह और कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सैनी पहुंचने वाले थे। जैसे ही किसानों को इस बात का पता चला किसान वहां उस कार्यक्रम का विरोध करने पहुंच गए। किसानों ने जमकर नारेबाजी की। इस विरोध में एक किसान घायल भी हो गया। किसान ने आरोप लगाए कि उसके ऊपर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की गई। बता दें कि इससे पहले रविवार को यूपी के लखीमपुर खीरी में प्रदर्शन कर रहे किसानों को गाड़ी से कुचलने का मामला सामने आया था। कुछ वीडियोज भी आए हैं जिनमें गाड़ी साफ तौर पर किसानों को मारकर निकलती दिख रही है। इस मामले में गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा का नाम आया है। आरोप है कि उन्होंने ही किसानों पर गाड़ी चढ़ाई। आशीष का नाम ऋकफ में भी दर्ज है। वहां चार किसानों की मौत हुई थी। इसके अलावा भी चार लोग मारे गए थे, जिसमें दो बीजेपी कार्यकर्ता, एक ड्राइवर और एक पत्रकार शामिल थे।

## आशीष मिश्रा के घर के बाहर चस्पा हुआ दूसरा नोटिस कल नहीं पहुंचे तो जारी होगा अरेस्ट वारंट

उत्तर प्रदेश। लखीमपुर खीरी मामले में पुलिस ने पूछताछ के लिए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा दोबारा बुलाया है। इस सम्बन्ध में उनके आवास पर एक बार फिर से नोटिस चस्पा किया गया है। पुलिस ने आशीष मिश्रा को शनिवार सुबह 11:00 बजे तक पेश होने के लिए कहा है। पुलिस ने कहा है कि आशीष यदि कल तक हाजिर नहीं होते तो उनके खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया जाएगा। नोटिस में साफ लिखा गया है कि आशीष मिश्रा को लखीमपुर खीरी मामले में क्राइम ब्रांच के दफ्तर में आकर अपना पक्ष रखना है, यदि वह ऐसे नहीं करते हुए नियमानुसार उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# चंद्रशेखर की चेतावनी कहा- लखीमपुर के दोषियों को सात दिन में गिरफ्तार करें

## नहीं तो PM करेंगे आवास का घेराव



**उत्तर प्रदेश।** उत्तर प्रदेश का लखीमपुर खीरी इन दिनों राजनीतिक जंग का अखाड़ा बना हुआ है। सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी सियासत चमकाने में लगे हुए है। ऐसे में आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने शुक्रवार को कहा कि अगर लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा की घटना में शामिल लोगों को सात दिनों के भीतर गिरफ्तार नहीं किया जाता तो वह और उनके समर्थक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास का घेराव करेंगे। प्रधानमंत्री को लखीमपुर खीरी जाकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात करनी चाहिए-चंद्रशेखर उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को किसानों से बात करनी चाहिए और लखीमपुर खीरी जाकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात करनी चाहिए। आजाद ने संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यप्रधानमंत्री हर मुद्दे पर ट्वीट करते हैं, लेकिन किसानों की हत्या पर अब तक उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। गुनाहगार खुले घूम रहे हैं। उनकी अगर सात दिनों के भीतर गिरफ्तारी नहीं की गई तो हम प्रधानमंत्री के आवास का घेराव करेंगे। उन्होंने उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति दयनीय होने का आरोप लगाया और कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस्तीफा देना चाहिए। गौरतलब है कि लखीमपुर खीरी जिले के तिकोनिया क्षेत्र में गत रविवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के विरोध को लेकर भड़की हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# देश-विदेश से पर्यटकों को कश्मीर लाने को सरकार चलाएगी 'बैक टू वैली'

**देश-विदेश से पर्यटकों को कश्मीर की ओर लाने के लिए बैक-टू-वैली (घाटी की ओर) कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसकी शुरूआत इसी साल नवंबर से होगीकेंद्र सरकार खुद संभालेगी कमान**





**श्रीनगर।** देश-विदेश से पर्यटकों को कश्मीर की ओर लाने के लिए बैक-टू-वैली (घाटी की ओर) कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसकी शुरूआत इसी साल नवंबर से होगी। इसका मकसद आतंकियों और अलगाववादियों की धमकियों के चलते बंद से तबाह हो रहे कश्मीर के पर्यटन उद्योग को फिर से पटरी पर लाना है। बड़ी बात यह है कि इसका जिम्मा खुद केंद्र सरकार संभालने जा रही है। दरअसल, पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के तहत जम्मू कश्मीर को दो केंद्र शासित राज्यों में विभाजित करने के फैसले से दो दिन पहले राज्य सरकार ने किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए देश-विदेश के पर्यटकों को कश्मीर से लौटने के लिए कहा था। इसके साथ ही वादी पर्यटकों से खाली हो गई। बड़ी बात यह कि कश्मीर में हालात सुधरने और प्रशाासनिक पाबंदियों को हटाए जाने के बावजूद पर्यटक इधर की ओर रुख नहीं कर रहे हैं। अलगाववादियों और आतंकियों द्वारा जबरन बंद से भी पर्यटक आशंकित हैं। हालत यह है कि कश्मीर में पर्यटन उद्योग लगभग तबाही के कगार पर पहुंच गया है। अधिकांश होटल बंद हैं और उनमें काम करने वाले लोग बेरोजगार। रेस्तरां भी बंद हैं, टैक्सी चालक घरों में बैठे हैं, हाउस बोट खाली हैं। दस्तकारी क्षेत्र से जुड़े लोग भी इसके शिकार हैं इसके बाद ही केंद्र सरकार ने स्थानीय पर्यटन जगत की बेहतरी के लिए यह पहला बड़ा प्रयास किया है। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय इस कार्यक्रम को राज्य पर्यटन विभाग के साथ मिलकर चलाएगा। इस कार्यक्रम की रूपरेखा के तहत कार्यक्रमों में राज्य के सभी छुए-अनछुए क्षेत्रों को देश और विदेश में प्रचारित किया जाएगा। इनमें राज्य की बहुरंगी संस्कृति की झलक दिखाई जाएगी। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने फेडेरशन ऑफ इंडियन टूर एंड ट्रेवल एसोसिएशन को भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए कहा है।कश्मीर में कितने पर्यटक आए, पर्यटन विभाग को पता नहींउपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक दो अगस्त तक कश्मीर घाटी में 5.21 लाख पर्यटकों के अलावा 3.40 लाख अमरनाथ श्रद्धालु आए थे। अकेले जुलाई में ही 1.70 लाख पर्यटक आए। हालांकि, 15 अगस्त के बाद कश्मीर में पर्यटकों की आमद हुई है, लेकिन आंकड़ा दो हजार भी पार नहीं हुआ। हालांकि, इनमें करीब 300 विदेशी पर्यटक जरूर शामिल हैं। दिलचस्प है कि पर्यटन विभाग के पास कश्मीर में पर्यटकों की आमद का कोई ब्योरा नहीं है।

### विदेशों में भी होंगे रोड शो

राज्य पर्यटन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार के बैक टू वैली कार्यक्रम के तहत न सिर्फ देश के विभिन्न हिस्सों में, बल्कि विदेशों में भी रोड शो व अन्य कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम उन्हीं जगहों पर होंगे, जहां से हमें पर्यटकों की उम्मीद है। देश के नामी समेत राज्य के सभी टूर ऑपरेटरों को अभियान का हिस्सा बनाया जाएगा। यह कार्यक्रम नवंबर से शुरू होगा। इसके लिए पर्यटन से संबंधित विज्ञापन और बैनर देश के सभी प्रमुख हवाई अड्डों पर भी लगाए जाएंगे।

## भारत के इन रेलवे स्टेशन्स का खाना है बेस्ट, लाइफ में एक बार जरूर करें टेस्ट

ट्रेन जर्नी का अपना अलग मजा है। अगर आप इंडिया में रहते हैं यहां तरह-तरह का फूड नहीं टेस्ट किया तो कुछ नहीं किया। यहां हम आपको भारत के कुछ ऐसे ही रेलवे स्टेशनों के बारे में बता रहे हैं जहां का खाना न सिर्फ टेस्टी होने की वजह से फेमस है बल्कि काफी अफोर्डेबल भी है।

**खाते रह जाएंगे जलंधर स्टेशन के छोले-भटूरे**

पंजाब और पंजाबी वैसे ही अपने रिच खान-पान के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में अगर आपको पंजाब के जलंधर स्टेशन से गुजरने का मौका मिले तो यहां के छोले-भटूरे खाना न भूलें। इनको खाने के बाद आपको हर जगह के छोले-भटूरे फीके लगेंगे।

**खड़गपुर जंक्शन के दम आलू का दम**

वेस्ट बंगाल के खड़गुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचते ही आपको एक लजीज खुशबू अपनी ओर खींचेगी। यह खुशबू है मसालेदार दम आलू की। तो इस बार इस यह महक आप तक पहुंचे तो तुरंत खाने पहुंच जाएं। नहीं भूलेंगे एनार्कुलम जंक्शन के केले के पकौड़े साउथ इंडिया जाएं तो केरल के एनार्कुलम जंक्शन के ये पकौड़े मिस न करें। ये पकौड़े कच्चे केले और कुछ दाल और मैदा वगैरह से बनाए जाते हैं। स्टेशन पर लजीज चटनी और चाय के साथ ये पकौड़े आपको बार-बार यहां आने पर मजबूर करेंगे।

**रतलाम रेलवे स्टेशन का पोहा**

रतलाम रेलवे स्टेशन का नाम सुनकर सबको जब वी मेट फिल्म की याद आ जाती है। लेकिन अगर आप यहां का पोहा खा लेंगे तो सिर्फ इसका स्वाद ही याद रह जाएगा। यह रतलामी सेव, कच्चे प्याज और हल्के नींबू के रस के साथ सर्व किया जाता है।

**राजस्थान, अबु रोड स्टेशन की जायकेदार रबड़ी**

राजस्थान के अबु रोड रेलवे स्टेशन पर अगर आपको कई लोग हाथ में रबड़ी की प्लेट लिए दिख जाएं तो चौंकिएगा नहीं। इस रबड़ी के टेस्ट का कोई मुकाबला नहीं आप भी बिना देर किए एक प्लेट तुरंत लें और मन न भरे तो एक और ले लें।

**कालीकट स्टेशन का हलवा**

केरल के कालीकट स्टेशन का कोझिकोडन हलवा कई शेप, साइज, रंगों में मिलता है। यह एक ऐसी डिश है जिसका स्वाद आपकी जुबान पर लंबे समय तक रहेगा। यह स्वीट डिश पूरे शहर में मिलती है लेकिन बेस्ट हलवा आपको स्टेशन पर मिलेगा।

**मद्दुर रेलवे स्टेशन के वड़े**

अगर आपको कर्नाटक के मद्दुर जाने का मौका मिले तो यहां के क्रिस्पी मद्दुर वड़े खाना न भूलें। ये इतने टेस्टी हैं कि शाम की चाय के वक्त आपको अक्सर इनकी याद आ जाएगी।

## दुर्गा पूजा पर कोलकाता में दिखेगी 50 किलो सोने से बनी मां दुर्गा की प्रतिमा



कोलकाता में इस वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर करीब 50 किलो सोने से बनी मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन करने का मौका मिलेगा। मां दुर्गा की 13 फीट ऊंची इस प्रतिमा की कीमत करीब 20 करोड़ रुपये है। कोलकाता के प्रसिद्ध संतोष मित्र स्कवायर दुर्गोत्सव समिति ने मां दुर्गा की इस मूर्ति को बनवाया है।

समिति के अध्यक्ष प्रदीप घोष ने आईएएनएस को बताया कि अभी तक किसी ने भी देवी की सोने की प्रतिमा नहीं बनवाई थी। यह हमारी कनक दुर्गा (सोने की दुर्गा) हैं, जो ऊपर से नीचे तक 50 किलोग्राम सोने से बनी हैं।

इस समय 10 ग्राम सोने की कीमत 40 हजार रुपये है, तो कनक दुर्गा की प्रतिमा की कीमत लगभग 20 करोड़ रुपये होता है। ऐसा नहीं है कि समिति के सदस्यों ने इस प्रतिमा के लिए अपनी जेब से रुपये दिए हैं, बल्कि कई ज्वैलर्स ने इस मूर्ति के निर्माण में सोना दिया है। मूर्ति विसर्जन के बाद वे अपना सोना ले लेंगे।

पूजा समिति के सचिव सजल घोष ने बताया कि इस मूर्ति के निर्माण और त्योहार के लिए कई मल्टी नेशनल कॉर्पोरेट्स ने भी आर्थिक मदद की है।

आपको बता दें कि इससे पहले 2017 में संतोष मित्र स्कवायर दुर्गोत्सव समिति ने मां दुर्गा को सोने की साड़ी अर्पित की थी।

# केले के पत्तों के लाजवाब फायदे, डैंड्रफ से लेकर बुखार की करता है छुट्टी

एक केला खाने से हमारे शरीर को रोजाना जितने लाभ मिलते है उतने ही लाभ केले के पत्ते से भी मिलते है। यह फायदे केले के पत्ते में खाना खाने से ही नही बल्कि अलग अलग तरह से इस्तेमाल करने पर मिलते है। यह पत्ते न केवल बीमारियां दूर करने में मदद करते है बल्कि इनसे आपकी स्किन को भी कई तरह के फायदे मिलेगें। चलिए बताते है आपको आप किस तरह से इन पत्तों का इस्तेमाल कर सकते है।

➤**डैंड्रफ** - केले के पत्ते डैंड्रफ को दूर करने में काफी मदद करते है। इसके लिए सबसे पहले केले के पत्तों को छोटे टुकड़ों में काट लें, उसके बाद पीस कर पानी में मिक्स करके पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को 15 मिनट तक बालों में लगा कर धो लें। इसके बाद बालों में माइल्ड हेयर ऑयल लगा लें, इससे डैंड्रफ काफी कम हो जाएगी। इसे हफ्ते में 2 बार इस्तेमाल करें।

➤**त्वचा** - आयुर्वेद में बताया गया है कि केले के पत्ते चेहरे के लिए काफी अच्छे होते है। यह डार्क स्पॉट्स, झुर्रियां, मुंहासे, त्वचा में जलन समस्या को दूर करने में काफी मदद करते है। इसके लिए केले की ताजी पत्तियों को पानी के साथ मिक्स करके पेस्ट बना ले। इसे मुंह या त्वचा रोग वाली जगह पर 10 से 15 मिनट लगा कर धो लें। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स व मॉइश्चराइजिंग तत्व पाए जाते है जो कि त्वचा को स्वस्थ रखते है। इससे एजिंग की समस्या भी कम होती है।

➤**चोट** - चोट लगने या त्वचा कटने पर भी आप केले के पत्तो का इस्तेमाल कर सकते है। इससे घाव बहुत ही जल्दी ठीक हो जाते है। केले के पत्तों को धो कर पीस कर घाव पर लगा लें। इससे दर्द तो कम होगा ही साथ ही घाव भी जल्दी भर जाएगा।

➤**बुखार** - जब बुखार हो उस समय इन पत्तो को काट कर नारियल तेल में डाल कर थोड़ी देर गर्म कर लें। इसके बाद इस तेल से माथे पर मालिश करें। इससे आपको बुखार में बहुत ही जल्दी राहत मिलेगी।





# मसूर दाल के होममेड फेस मास्क, अब कम पैसों में पाएं निखार

*मसूद खाने में जितनी टेस्टी होती है उतनी ही सेहत के लिए फायदेमंद भी होती है। मगर आज हम आपके लिए मसूर दाल से बने कुछ ऐसे फेस पैक लाए हैं, जिससे आप खूबसूरत व निखरी त्वचा भी पा सकती हैं। जी हां, प्रोटीन, मिनरल्स और विटामिन्स से भरपूर मसूर दाल फेस पैक पिंपल्स, झुर्रियां और झाइयां जैसी स्किन प्रॉब्लम्स को दूर करने में मदद करते हैं। खास बात तो यह है कि ये पैक हर स्किन टाइप पर सूट करेंगे।*

**● ऐसे बनाएं मसूर दाल पाउडर**

सबसे पहले मसूर दाल को मिक्सी में स्मूद पीस लें। फिर इसे एयरटाइट कंटेनर में भरकर रख लें और जरूरत पड़ने यूज करें। अगर आप इसे बॉडी पैक के लिए इस्तेमाल करना चाहती हैं तो दाल को दरदरा रहने दें। चलिए अब हम आपको मसूद दाल से बने कुछ ऐसे फेस पैक के बारे में बताते हैं, जिससे आप ग्लोइंग और बेदाग त्वचा पा सकती हैं।

**● मसूर दाल, दही और बेसन**

1 टीस्पून दाल, 1 टीस्पून दही, 1 टीस्पून बेसन और चुटकीभर हल्दी मिलाकर चेहरे पर लगाएं और सूखने दें। फिर चेहरे को हल्का गीला करके स्क्रब करें और पानी से साफ कर लें। इससे स्किन की डेड स्किन निकल जाएगी और आपको एक्ने व सनटैन से छुटकारा मिलेगा।

**● मसूर दाल और अंडे का पैक**

2 टीस्पून मसूर दाल पाउडर, 1 एग व्हाइट, 2 बूंदें नीबू का रस और 1 टेबलस्पून कच्चा दूध मिलाक 15-20 मिनट तक चेहरे पर लगाएं। फिर इसे ताजे पानी से साफ कर लें। रोजाना इसका इस्तेमाल करने से आपके चेहरे पर ग्लो आएगा।

**● मसूर दाल और शहद पैक**

अगर आपकी स्किन ड्राई है तो आपके लिए यह पैक परफेक्ट है। इसके लिए 1 टीस्पून मसूर दाल पाउडर और 1 स्पून शहदका मिक्स करके चेहरे पर 15 मिनट तक लगाएं। बाद में हल्के हाथ से रब करते हुए फेस साफ करें। इससे आपके फेस की डेड स्किन भी निकल जाएगी।

**● मसूर दाल और दूध पैक**

त्वचा पर डेड स्किन सेल्स के अलावा एजिंग के भी निशान है तो वो भी इस पैक से निकल जाएंगे। इसे बनाने के लिए दाल पाउडर में दूध मिलाकर चेहरे पर लगाएं। जब यह सूख जाए तो हल्के हाथों से मसाज करते हुए इसे साफ कर लें। हफ्ते में कम से कम 2-3 बार इसका यूज करें।

**● मसूर दाल और अखरोट पाउडर**

इस एंटी-एजिंग पैक तको बनाने के लिए दाल पाउडर, अखरोट पाउडर, बेसन में पानी मिक्स करें। फिर चेहरा धोकर इसे 10-15 मिनट तक अप्लाई करें। रोजाना इसका इस्तेमाल करने से आप बढ़ती उम्र की समस्याओं से बची रहेंगी।

**● मसूर दाल, नारियल तेल और हल्दी**

एक्ने, पिंपल्स, पिग्मेंटेशन, सनटैन, सनबर्न और डार्क सर्कल्स जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए आप इस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। 1 टेबलस्पून मसूर दाल पाउडर, 2 टेबलस्पून दूध, 2-3 बूंद नारियल तेल और एक चुटकी हल्दी पा-उडर मिला कर चेहरे पर लगाएं। फिर हल्के हाथों से रब करते हुए इसे साफ कर लें।

# गुलकंद के ढेरों फायदे

गुलकंद न केवल एक मिष्ठान का काम करता है बल्कि यह आपकी सेहत से जुड़ी कई तरह की समस्याओं को भी दूर करता है। गुलकंद गुलाब की पंखुड़ियो को धूप में पका कर कैरामैलाइज करके बनाया जाता है।

**ठंडक देता है गुलकंद**

गुलकंद खाने के साथ सेहत के लिए काफी ठंडक भरा होता है। गर्मी के मौसम में इस खाने से सुस्ती, खुजली,बदन दर्द, थकान जैसी समस्याएं दूर रहती हैं। तीखे धूप के कारण सनस्ट्रोक या नाक बह रही हो तो धूप में निकलने से पहले दो चम्मच गुलकंद के खा लें।

● **पेट** - एसिडिटी या पेट में गर्मी पड़ गई तो गुलकंद खाने से बहुत ही जल्द राहत मिलती है। इतना ही नही यह आंतो के अल्सर, सूजन की सही रख कर लिवर को मजबूत करता है। इससे भूख व पाचन क्रिया भी ठीक रहती है। अगर कब्ज की समस्या है तो रोज रात को सोने से पहले गुलकंद खा ले जल्द ही आराम मिल जाएगा।

● **स्किन** - आंखों की रेडनेस को कम करने के साथ यह मुंह के छाले को भी दूर करता है। पिंपल्स को दूर कर त्वचा पर पड़े हुए दाग धब्बो को भी दूर करने में मदद करता है।

● **प्रजनन** - पीरियड्स के दौरान हैवी ब्लीडिंग, अनियमित ब्लीडिंग या ल्यूकोरिया की समस्या रहती है तो रोजना एक चम्मच गुलकंद लेने से यह समस्या दूर होगी।

● **दातों**

रोज गुलकंद का एक चम्मच खाने से मसूड़े व दांत मजबूत रहते है। इतना ही अगर में मुंह में छाले हो गए है तो गुलकंद खाने से बहुत ही जल्द आराम मिलेगा।

● **स्ट्रेस** - स्ट्रेस को कम करने के लिए गुलकंद बहुत ही अच्छा टॉ है। यह सेंट्रल नर्वस सिस्टम को स्ट्रांग कर शरीर को मजबूत बनाने में मदद करता है।



# प्लेआफ में पहुंचने के लिए मुंबई इंडियंस को चमत्कार की उम्मीद

## सनराइजर्स से सामना

**नई दिल्ली।** आनलाइन डेस्क। इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन में आज का दिन बेहद ही अहम साबित होने वाला है। टूनार्मेंट के इतिहास में पहली बार एक ही समय पर दो मुकाबले शुरू होने जा रहे हैं। प्लेआफ में पहुंचने के लिए चमत्कार की उम्मीद लिए मुंबई की टीम अब से कुछ देर बाद सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलने उतरेगी। चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और रायल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम प्लेआफ में जगह पक्का कर चुकी है। आखिरी स्थान के लिए कोलकाता और मुंबई में जंग चल रही थी लेकिन राजस्थान पर बड़ी जीत से कोलकाता ने अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। मुंबई के पास किस्मत आजमाने का आखिरी मौका आज होगा।

शाम साढे सात बजे रोहित शर्मा की कप्तानी वाली मुंबई की टीम प्लेआफ में बचे आखिरी जगह पर पहुंचने की आखिरी कोशिश करने मैदान पर उतरेगी। उसकी उम्मीद ना के बराबर है लेकिन फिर भी टीम कम से कम आखिरी मैच को जीतकर टूनामेंट से सम्मानजनक विदाई लेना चाहेगी। सनराइजर्स की टीम ने पिछले मुकाबले में आरसीबी की टीम को रोमांचक मुकाबले में हराया था लिहाजा यह मैच मुंबई के लिए आसान नहीं होने वाला।



## T20 World Cup 2021 के लिए इस दिन लान्च होगी टीम इंडिया की नई जर्सी हो गया एलान




**नई दिल्ली।** ICC T20 World Cup 2021 के लिए सभी टीमों का एलान हो चुका है और 10 अक्टूबर तक टीमों में बदलाव भी किया जा सकता है। इस बीच कुछ टीमों की जर्सी टी20 विश्व कप के लिए सामने आ चुकी है और इस लिस्ट में अब टीम इंडिया का नाम भी जुड़ने वाला है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ टी20 वर्ल्ड कप 2021 के लिए 13 अक्टूबर को नई जर्सी का अनावरण करने वाली है। इसकी आधिकारिक घोषणा खुद बीसीसीआइ ने की है।

बीसीसीआइ ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की जानकारी दी है कि टी20 विश्व कप 2021 के लिए 13 अक्टूबर को वर्चुअल कार्यक्रम में टीम इंडिया की नई किट का अनावरण होगा, जिसमें मैच किट के अलावा प्रैक्टिस किट और अन्य कपड़े भी सामने आएंगे। इसके बाद इनकी सेल भी शुरू हो जाएगी। बता दें कि सबसे पहले आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम की जर्सी इस मेगा इवेंट के लिए लान्च की थी। जल्द ही बाकी देश भी अपनी-अपनी जर्सी को सामने लाएंगे।

## आखिरी लीग मैच में इस प्लेइंग इलेवन के साथ उतर सकती है मुंबई और हैदराबाद




**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आज यानी 8 अक्टूबर को इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल के 14वें सीजन के अपने-अपने आखिरी लीग मैच में खेलने उतरेंगी। मुंबई के नजरिए से देखा जाए तो ये मैच काफी अहम है, क्योंकि मुंबई के पास अभी भी प्लेआफ में पहुंचने का मौका है, लेकिन टीम को एक विशाल जीत की जरूरत होगी। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद चाहेगी कि आइपीएल 2021 के इस खराब सफर का समापन जीत के साथ हो। ऐसे में दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन क्या होगी, इस पर एक नजर डालिए।

रोहित शर्मा की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस की बात करें तो शायद एक बदलाव टीम में हो सकता है। कप्तान रोहित शर्मा जयंत यादव के स्थान पर फिर से राहुल चाहर को मौका दे सकते हैं। मुंबई के पास प्लेआफ में पहुंचने का मौका जरूर है, लेकिन ये काम इतना आसान नहीं होने वाला, क्योंकि नेट रन रेट में मुंबई की टीम कोलकाता से काफी ज्यादा पिछड़ी हुई है। करीब 180 रन की जीत मुंबई की बेड़ा पार कर सकती है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर




# WALIV'S LUXURIOUS PROJECT WITH LIFESTYLE AMENITIES

**Mariyam Heritage**









**VASAI EAST**

### Strategic Location & Easy Accessibility

**Hospitals :**
Valwadevi Multispeciality - 800m
Metropolis Healthcare - 900m

**Banks :**
Abhyudaya Co-op Bank - 500m
Federal Bank - 600m

**Schools :**
Ludhani Vidyamandir - 700m
Fr. Angel School - 800m

**Rastuarants :**
Hotel Shalimar - 300m
Hotel Regency - 900m

**Entertainments :**
Carnival Cinema - 4.2km
Dream The Mall - 4.2km

**Accessibility :**
Vasai E Railway Station - 8 km
Highway NH8 - 1.6km

## STARTING FROM
# 31.35 LACS*

THIS SCHEME ALSO AVAILABLE
**DOWNPAYMENT 5%**
**NO EMI TILL POSSESSION***
APPROVED FROM ALL LEADING BANKS

**VASAI (E)**

**FOR MORE DETAILS CONTACT +91 8291669848**

SITE ADD : MARIYAM HERITAGE. NEXT TO SANIYA CITY. BEHIND SHALIMAR HOTEL. WALIV. VASAI ROAD (E)